एविएशन मार्केट पस्त • दिल्ली-मुंबई समेत छोटे शहरों के रूट्स पर कटौती, 90 दिनों तक सीमित रहेगा घरेलू नेटवर्क

ईरान जंग का असर... जून से 7% कम मिलेंगी उड़ानें, किराया भी बढ़ेगा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली/मुंबई

देश की दो सबसे बड़ी एयरलाइंस एअर इंडियाऔर इंडिगो जून से घरेलू उड़ानों में कटौती करने जा रही हैं। एटीएफ की रिकॉर्ड कीमतें, और पश्चिम एशिया संकट के असर ने एयरलाइंस की लागत बढ़ा दी है। बाजार में 90% से ज्यादा हिस्सेदारी रखने वाली इन दोनों एयरलाइंस की कटौती का असर किरायों पर भी पड़ेगा। दोनों कंपनियों ने 90 दिनों के लिए घरेलू नेटवर्क सीमित करने का फैसला किया है। एअर इंडिया घरेलू उड़ानों में 28% तक की कटौती करेगी। साप्ताहिक रूप से लगभग 4,400 उड़ानों का संचालन करती है। इनमें से 3,600 घरेलू और 800 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें हैं। एविएशन एनालिटिक्स फर्म सीरियम के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय एयरलाइंस जून 2026 में सालाना आधार पर 7% कम घरेलू साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेंगी। जून 2025 में जहां कुल 22,220 घरेलू साप्ताहिक उड़ानें थीं, वहीं जून 2026 में यह संख्या घटकर 20,670 रह जाएगी। एअर इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक मौजूदा ईंधन कीमतों पर सभी उड़ानें चलाना आर्थिक रूप से व्यवहारिक नहीं है। कोई रूट पूरी तरह बंद नहीं किया जाएगा, लेकिन उड़ानों की संख्या घटाई जाएगी। एअर इंडिया ने कहा कि प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक उड़ान, मुफ्त डेट चेंज या पूरा रिफंड दिया जाएगा।

दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे बड़े कॉरपोरेट रूट्स भी प्रभावित, कई एयरपोर्ट खाली रहेंगे

एयरलाइंस की घरेलू उड़ानों में बदलाव

एयरलाइन	जून-25	जून-26	बदलाव %
एयर इंडिया	3,696	2,655	↓28.2
स्पाइसजेट	647	560	↓13.4
एयर इंडिया एक्सप्रेस	2,610	2,351	↓9.9
इंडिगो	13,165	12,852	↓2.4
अकासा एयर	992	1,099	↑10.8

बदलाव % में | सोर्सः एविएशन एनालिटिक्स फर्म सीरियम



- टाटा समूह की एअर इंडिया ने घरेलू संचालन में सबसे बड़ी कटौती की है। एयरलाइन जून 2026 में 2,655 साप्ताहिक घरेलू उड़ानें संचालित करेगी, जो जून 2025 के मुकाबले 28% कम है।
- स्पाइसजेट लगभग 13% और एयर इंडिया एक्सप्रेस करीब 10% उड़ानें घटाने जा रही हैं। अकासा एयर चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद विस्तार करने वाली एकमात्र बड़ी एयरलाइन बनी हुई है। एयरलाइन जून 2026 में घरेलू उड़ानों की संख्या बढ़ाकर 1,099 करने जा रही है।

बड़े रूट्सः दिल्ली-मुंबई हब से जुड़े नेटवर्क सबसे ज्यादा दबाव में रहेंगे
बड़ा असर दिल्ली और मुंबई हब से जुड़े नेटवर्क पर होगा। मुंबई से अहमदाबाद, नागपुर, पटना और भोपाल जाने वाली उड़ानों में कटौती हो सकती है। हैदराबाद एयरपोर्ट पर जून 2026 में साप्ताहिक घरेलू उड़ानें 1,791 से 1,420 रह जाएंगी। गोवा के मोपा एयरपोर्ट पर 106 उड़ानों की कटौती होगी। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर 293 साप्ताहिक घरेलू उड़ानें कम होंगी। मुंबई एयरपोर्ट पर 253 और अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 111 घरेलू वीकली उड़ानों की कमी की संभावना।

छोटे शहरः बठिंडा से लेकर अयोध्या तक कटौती, कई बंद रहेंगे
कूचबिहार में साप्ताहिक उड़ानें 7 से घटकर सिर्फ 1 रह जाएंगी। बठिंडा में 55% कमी होगी। गाजियाबाद और आगरा में घरेलू उड़ानें आधी रह जाएंगी। तूतीकोरिन में 44% गिरावट होगी। कडप्पा, जमशेदपुर और कुल्लू में 43% कटौती दर्ज की जाएगी। अयोध्या, दुर्गापुर में भी दोहरे अंकों की गिरावट होने के आसार। गुलबर्गा, लुधियाना, कांडला और पोरबंदर जैसे छोटे एयरपोर्ट ने तो पूरी तरह घरेलू कनेक्टिविटी खो दी है।

क्यों बढ़ा दबाव| महंगे एटीएफ, रुपए में गिरावट के चलते कंपनियां दबाव में
भारतीय एयरलाइंस के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) कुल परिचालन लागत का 40% हिस्सा होता है। विमान लीज और मेंटेनेंस का भुगतान डॉलर में होता है। ऐसे में डॉलर के मुकाबले रुपए की कमजोरी एयरलाइंस के खर्च को और बढ़ा देती है। किराए बढ़ने से मांग कमजोर हुई है।

फर्स्टक्राई की पैरेंट कंपनी है ब्रेनबीज

ब्रेनबीज 7% टूटा, इश्यू प्राइस से 50% नीचे

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

फर्स्टक्राई की पैरेंट कंपनी ब्रेनबीज सॉल्यूशंस के शेयरों में बुधवार को बीएसई पर 7% की गिरावट दर्ज की गई। मार्च तिमाही के नतीजों में मुख्य सेगमेंट में सुस्त रफ्तार और मार्जिन पर लगातार बने दबाव के कारण निवेशक मायूस नजर आए। ब्रेनबीज का शेयर 6.83% तक गिरकर 221.05 रुपए का दिन का निचला स्तर छू गया। हालांकि शाम को यह गिरावट को कम करते हुए 3.27% नुकसान के साथ 229.50 रुपए पर बंद हुआ। यह अपने इश्यू प्राइस से 50% नीचे आ चुका है। बीएसई पर कंपनी का मार्केट कैप 11,981.43 करोड़ रुपए रह गया। ब्रेनबीज सॉल्यूशंस ने मार्च तिमाही में 48.2 करोड़ रुपए का कंसॉलिडेटेड घाटा दर्ज किया है। यह पिछले साल की समान तिमाही के 111.5 करोड़ के घाटे से काफी कम है। सालाना आधार पर कंपनी की आय 12% बढ़कर 2,163 करोड़ रुपए पर पहुंच गई।

भास्कर एनालिसिस जंग के चलते एयरटेल से लेकर टाटा तक ने बदली रणनीति

घरेलू कंपनियों का एनर्जी, डिफेंस, इन्फ्रा पर ₹10.5 लाख करोड़ का बड़ा निवेश

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

दुनियाभर में जारी भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता के बीच भारतीय कॉर्पोरेट जगत ने देश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए कमर कस ली है। टाटा, अडाणी, जेएसडब्ल्यू और कोल इंडिया जैसी दिग्गज कंपनियां वित्त वर्ष 2026-27 में आक्रामक कैपिटल एक्सपेंडिचर करने जा रही हैं।

आईसीआईसीआई सिक्युरिटीज की ताजा स्ट्रैटेजी रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय कंपनियों ने सावधानी की जगह क्षमता विस्तार को प्राथमिकता दी है। कंपनियों का यह निवेश अब ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा उत्पादन, धातु, बुनियादी ढांचे और नए जमाने के सेक्टर जैसे डेटा सेंटर, इलेक्ट्रिक वाहन और क्विक कॉमर्स की तरफ तेजी से मुड़ रहा है। इससे पहले वित्त वर्ष 2025-26 में लिस्टेड कंपनियों ने करीब 10.5 लाख करोड़ रुपए का भारी-भरकम निवेश किया था, जो पिछले साल से 15% ज्यादा था।

रिपोर्ट के मुताबिक रूस-यूक्रेन और ईरान-इजरायल/अमेरिका के बीच चल रहे सैन्य संघर्षों के कारण दुनिया भर में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, सुरक्षित ऊर्जा स्रोतों और क्रिटिकल मिनरल्स की मांग तेजी से बढ़ी है। इसी को देखते हुए भारतीय कंपनियों ने चौथी तिमाही के नतीजों के साथ अपने निवेश का रुख इन सेक्टर्स की तरफ मोड़ दिया है।

सेक्टरवार समझिए : कहां और कितने निवेश की बड़ी तैयारी?



- अदाणी ग्रीन एनर्जी ने वित्त वर्ष 2027 के लिए 42,000 करोड़ के कैपेक्स का लक्ष्य रखा है। रणनीति साफ है, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में सबसे बड़ा खिलाड़ी बनना।
- पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ने वित्त वर्ष 2027 में 37,000 करोड़ और इससे अगले साल 40,000–45,000 करोड़ का रोडमैप तैयार किया। ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत करना प्राथमिकता। टाटा पावर, टॉरेंट पावर का भी बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर फोकस।

देश में बड़े बिजनेस घरानों के अलावा छोटी और मझोली कंपनियां निवेश की रेस में पीछे नहीं

कंपनियों का वित्त वर्ष 2027 कैपेक्स एक नजर में

कंपनी	कैपेक्स	मुख्य फोकस
भारती एयरटेल	45,500	फाइबर, डेटा सेंटर।
अदाणी ग्रीन एनर्जी	42,000	सौर/पवन ऊर्जा
एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी	35,800	ग्रीन एनर्जी
पावर ग्रिड	37,000	ट्रांसमिशन नेटवर्क
इंडियन ऑयल	32,700	रिफाइनिंग, पाइपलाइन
बीपीसीएल	25,000	रिफाइनिंग
जेएसडब्ल्यू स्टील	24,000	स्टील क्षमता
जेएसडब्ल्यू एनर्जी	20,000	बिजली उत्पादन
टाटा स्टील	20,000	घरेलू स्टील
कोल इंडिया	25,000	कोयला उत्पादन
हिंडाल्को	12,000	एल्युमीनियम
सेल/एनएचपीसी	15,000	धातु / जलविद्युत
अपोलो टायर्स	3,500	भारत में विस्तार
सिएट	1,400	टायर क्षमता

कैपेक्स करोड़ में

तेल-गैसः रिफाइनिंग से रिन्युएबल तक
इंडियन ऑयल ने 32,700 करोड़ जारी किए। रिफाइनिंग, पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस। 5,000 करोड़ रिन्युएबल एनर्जी में लगाएगी। बीपीसीएल 25,000 करोड़ का निवेश करेगी। रिफाइनिंग, मार्केटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर व सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन में विस्तार पर फोकस।

खननः एक दशक की सबसे बड़ी योजना
कोल इंडिया ने वित्त वर्ष 2027 से 31 तक 1 लाख करोड़ का कैपेक्स रोडमैप जारी किया। वित्त वर्ष 2027 में अकेले 18,000–25,000 करोड़ रुपए खर्च की योजना है। देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए कोयला उत्पादन और लॉजिस्टिक्स क्षमता बढ़ाना लक्ष्य है।

मैन्युफैक्चरिंग में नई क्षमता की बड़ी तैयारी
जेएसडब्ल्यू स्टील अगले चार-पांच वर्षों में 1.26 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगी। स्टील क्षमता विस्तार और डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट्स पर फोकस रहेगा। टाटा स्टील 20,000 करोड़ का कैपेक्स करेगी, जिसमें 60% से अधिक हिस्सा भारत में खर्च होगा।

नई इंडस्ट्रीः डेटा सेंटर, ईवी पर भी बड़ा दांव
एयरटेल का कैपेक्स 45,500 करोड़ रुपए पर स्थिर रहेगा। कंपनी डेटा सेंटर और फाइबर इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर फोकस करेगी। ब्लिंकिट 1,000 नए डार्क स्टोर खोलेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज और अन्य घरेलू खिलाड़ी भी डेटा सेंटर क्षमता विस्तार में जुटे हैं।

उलटफेर| अदाणी पावर के शेयर इस साल 74% उछल चुके हैं

अदाणी पावर 11वीं बड़ी कंपनी, 4.8 लाख करोड़ रु. मार्केट कैप, इन्फोसिस पिछड़ी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में बड़ी उलटफेर हुआ है। अदाणी पावर ने आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी इन्फोसिस को मार्केट कैप के मामले में पीछे धकेल दिया है और यह देश की 11वीं मूल्यवान कंपनी बन गई है। बीएसई पर बुधवार को ट्रेडिंग के दौरान अदाणी पावर के शेयर ने 3% से अधिक बढ़त के साथ 252.60 रुपए की 52 हफ्तों की नई ऊंचाई छुई। इसी के साथ 4.8 लाख करोड़ रुपए का मार्केट कैप हासिल कर कंपनी ने यह उपलब्धि हासिल की। निर्यात आधारित आईटी कंपनियों के मुकाबले निवेशकों के एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर शेयरों को तरजीह देने से यह बदलाव हुआ है। चालू वर्ष 2026 में अब तक अदाणी पावर के शेयरों में 74% की तेजी आ चुकी है। हालांकि शाम को यह शेयर 1.72% बढ़त के साथ 248.75 रुपए पर बंद हुआ और मार्केट कैप 4.80 लाख करोड़ रुपए रह गया। अदाणी समूह की इस बिजली कंपनी ने पिछले एक महीने में 16.8% की बढ़त दर्ज की है। वहीं, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और एआई से होने वाले नुकसान के डर से देश का दूसरा सबसे बड़ा आईटी स्टॉक इन्फोसिस लगातार टूट रहा है। इन्फोसिस के शेयर ने इस साल 3 फरवरी को 1,727.85 का 52 हफ्तों का ऊंचा स्तर छुआ था। फिलहाल यह 33% नीचे 1,159 रुपए पर है। मार्केट कैप घटकर 4.7 लाख करोड़ रुपए रह गया।

टोल कलेक्शन ग्रोथ घटकर 5-7% रहने का अनुमान

मुंबई| क्रिसिल रेटिंग्स के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट और कमर्शियल ट्रैफिक में सुस्ती के चलते वित्त वर्ष 2027 में भारत की टोल कलेक्शन ग्रोथ 1.5-2% घटकर 5-7% रह सकती है। वित्त वर्ष 2026 में यह 7-8% थी। कम थोक महंगाई के कारण इस साल टोल टैक्स की दरों में कम बढ़ोतरी होगी, लेकिन वित्त वर्ष 2028 में यह 8-10% हो सकती है।

देश में रिकॉर्ड 3,766 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान

नई दिल्ली |वर्ष 2025-26 के दौरान देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 3,766 लाख टन रहने का अनुमान है। यह पिछले साल के मुकाबले 5.3% ज्यादा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में यह तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। उन्होंने कहा कि चावल, गेहूं और मक्का जैसी मुख्य फसलों ने उत्पादन के नए शिखर छुए हैं। तिलहन और गन्ने की पैदावार में भी शानदार उछाल आया है। इस रिकॉर्ड उत्पादन से न केवल देश की खाद्य सुरक्षा मजबूत हुई है, बल्कि आम लोगों के लिए बाजार में अनाज की उपलब्धता और स्थिरता का संकेत भी मिलता है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के पीछे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और उसके संस्थानों की भी अहम भूमिका है। कृषि वैज्ञानिकों ने फसलों की 339 नई किस्में तैयार की हैं।

अमेजन को 202 करोड़ रु. के जुर्माने से सुप्रीम राहत

नई दिल्ली| सुप्रीम कोर्ट ने फ्यूचर कूपन्स निवेश मामले में अमेजन पर सीसीआई द्वारा लगाए गए 202 करोड़ रुपए के जुर्माने को रद्द कर दिया। शीर्ष कोर्ट ने आदेश दिया कि कंपनी द्वारा जमा की गई राशि 8 हफ्ते के भीतर लौटाई जाए।

अवशिष्ट शेयरधारकों के ध्यानार्थ हेतु एग्जिट ऑफर
स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम), कॉर्पोरेट पहचान संख्याः L25111UP1972G01003599
पंजीकृत कार्यालयः 3/481, पहली मंजिल, विकल्प खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत – 226010, टेलीफोन नंबरः 0522–3119593, वेबसाइटः www.scootersindialimited.com; ई–मेल आईडीः csscootersindia@gmail.com

यह एग्जिट ऑफर सार्वजनिक घोषणा ("एग्जिट ऑफर पीए") 17 अगस्त, 2024 को जारी की गई पूर्व घोषणा के क्रम में जारी की जा रही है, जो स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड ("कंपनी") के बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") से स्वैच्छिक डीलिस्टिंग के संबंध में है। इस घोषणा के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि डीलिस्टिंग ऑफर के पश्चात शेष बचे सार्वजनिक शेयरधारकों ("शेष सार्वजनिक शेयरधारक"), जो अब भी इक्विटी शेयर धारण किए हुए हैं तथा अपने इक्विटी शेयरों को राष्ट्रपति, भारत ("अधिग्रहणकर्ता") को निर्गम मूल्य (एग्जिट प्राइस) रु. 31.78/– प्रति इक्विटी शेयर ("एग्जिट प्राइस") पर निविदा करना चाहते हैं, उनके लिए एग्जिट ऑफर प्रदान किया जा रहा है। शेष सार्वजनिक शेयरधारकों को प्रेषित "रिमाइंडर एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर", साथ में एग्जिट आवेदन पत्र ("एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर"), को "एग्जिट ऑफर पीए" के साथ दिनांक 16 नवंबर, 2024, 04 जनवरी, 2025, 05 अप्रैल, 2025 तथा 02 अगस्त, 2025 को प्रेषित किया गया था। इस संबंध में अंतिम एवं अंतिम स्मरण (लास्ट एंड फाइनल रिमाइंडर) नोटिस दिनांक 28 मई, 2026 को प्रेषित किया गया है। **कृपया ध्यान दें कि यह समाचार पत्र में किया गया अंतिम प्रकाशन है, और इसके पश्चात आगे कोई प्रकाशन नहीं किया जाएगा।**

बीएसई ने अपने नोटिस संख्या 20240605–51 दिनांक 05 जून 2024 के माध्यम से सूचित किया है कि उपर्युक्त संदर्भित रिकॉर्ड को 20 जून 2024 से बीएसई से डीलिस्ट कर दिया गया है। वे अवशिष्ट सार्वजनिक शेयरधारक, जो डीलिस्टिंग प्रस्ताव के पश्चात भी इक्विटी शेयर धारण करते रहे हैं, उन्हें 20 जून 2024 से 19 जून 2025 तक प्रति इक्विटी शेयर रु.31.78/– (जिसे "एग्जिट प्राइस" कहा गया है) की दर से अपने इक्विटी शेयर निविदा करने का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया था, जो सेबी के पत्र संख्या SEBI/HO/CFD/RAC/DCR2/P/OW/2025/11275/1 दिनांक 21 अप्रैल 2025 के अनुसार था। इसके अतिरिक्त, सेबी के पत्र संख्या 1/12250/2026 दिनांक 22 मई 2026 के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया है कि अवशिष्ट सार्वजनिक शेयरधारकों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19 जून 2026 होगी। **कृपया ध्यान दें कि यह अंतिम एवं अंतिम अनुस्मारक पत्र है तथा उपर्युक्त एग्जिट ऑफर के अनुसार शेयरों को निविदा करने हेतु कोई भी आवेदन शुक्रवार, 19 जून 2026 के पश्चात स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी वैध आवेदन, जो पूर्ण रूप से सभी प्रकार से सही पाए जाएंगे तथा 19 जून 2026 के व्यवसायिक समय की समाप्ति तक प्राप्त होंगे, उन्हें भुगतान हेतु विचारित किया जाएगा। दिनांक** 19 जून 2026 को या उससे पूर्व प्राप्त सभी आवेदनों को संसाधित किया जाएगा तथा भुगतान प्रत्येक माह के आधार पर किया जाएगा, जो संबंधित कैलेंडर माह की समाप्ति के 10 कार्य दिवसों के भीतर, जिसमें एग्जिट आवेदन पत्र अधिग्रहणकर्ता द्वारा प्राप्त हुआ है, किया जाएगा। अंतिम भुगतान 19 जून 2026 से 10 कार्य दिवसों के भीतर किया जाएगा। सभी अमान्य आवेदनों को संबंधित शेयरधारकों के अंतिम ज्ञात पते पर कंपनी/रजिस्ट्रार के माध्यम से वापस कर दिया जाएगा।

तदनुसार, कंपनी के अवशिष्ट शेयरधारक बिना किसी और विलंब के अपने इक्विटी शेयरों को आरटीए को निविदा करने हेतु आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना एग्जिट आवेदन पत्र तुरंत प्रस्तुत कर सकते हैं। कृपया एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर तथा एग्जिट आवेदन पत्र ("एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर") कंपनी की वेबसाइट www.scootersindialimited.com रजिस्ट्रार की वेबसाइट www.skylinerta.com बीएसई की वेबसाइट www.bseindia.com तथा प्रबंधक ऑफर की वेबसाइट www.corporateprofessionals.com पर उपलब्ध है। अथवा नीचे दिए गए लिंक/क्यूआर को स्कैन करें

(कृपया एग्जिट लेटर ऑफ ऑफर पढ़ने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।) | (कृपया आवेदन फॉर्म पढ़ने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।) | (शेयर ट्रांसफर फॉर्म पढ़ने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।)

स्थानः लखनऊ
तिथिः 28.05.2026

कृते और अधिग्रहणकर्ता की ओर से
हस्ताक्षरित/–
नवीन कौल
(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

भास्कर APPOINTMENT

श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट कोलकाता
Syama Prasad Mookerjee Port, Kolkata
(Formerly KOLKATA PORT TRUST)

श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता **सीधे भर्ती** के ज़रिए निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति के लिए पेशेवरों को आमंत्रित कर रहा हैः–

क्रम संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतनमान
1.	सुपरिंटेंडेंट ड्रेजर और डिस्पैच सर्विस	01	रु. 1,00,000–2,60,000/–
2.	डिप्टी हार्बर मास्टर (पोर्ट)	01	रु. 1,00,000–2,60,000/–
3.	कमांडर (ड्रेजर और डिस्पैच) सर्विस	07	रु. 90,000–2,40,000/–
4.	कमांडर (पायलट पोत)	02	रु. 90,000–2,40,000/–
5.	प्रबंधक (पर्यावरण)	01	रु. 80,000–2,20,000/–
6.	उप मुख्य रेडियो अधिकारी	01	रु. 50,000–1,60,000/– (पूर्व–संशोधित रु. 10,750–16,750/–)

ज़्यादा जानकारी, आवेदन की अंतिम तिथि और निर्धारित प्रारूप में आवेदन (सिर्फ़ हार्ड कॉपी में) करने के लिए, एसएमपीके वेबसाइट **www.smp.smportkolkata.in** पर "Job Openings" देखें।

University of Hyderabad
(A Central University Established by an Act of Parliament)
P.O Central University, Gachibowli,
Hyderabad, - 500 046, Telangana

Admission Notification : PG Programs based on CUET(PG) Scores :
- Last date to apply : **08.06.2026**
- Notification of Shortlisted candidates for Interviews : **19.06.2026**
- Notification of Merit list for Round-1 : **09.07.2026**
- Option for payment (online on SAMARTH portal) : **09.07.2026 to 12.07.2026**
- Physical Reporting for document verification and issue of admit card/ hostel accommodation : **20.07.2026 to 22.07.2026**
- Commencement of Classes : **23.07.2026**

M.Tech Microelectronics & VLSI Design (MVLSI) based on GATE Score : Last date- **08.06.2026.** Admission schedule same as PG.

M.Tech Computer Science, M.Tech Artificial Intelligence and M.Tech Bioinformatics : Centralized Counselling through CCMT 2026 Portal

M.Sc Biotechnology through GAT-B 2026 scores	Schedule will be released after declaration of the respective qualifying examination)
MCA through NIMCET 2026	

Notification for admission to Integrated PG programs will be released after CUET (UG) results are announced.

For further details including course offered, eligibility criteria, prescribed fee, reservation policy and Prospectus 2026-27, please visit the University website: http://acad.uohyd.ac.in or https://uohyd.ac.in

Place: Hyderabad
Date: 27.05.2026

Thukaram Porika
Controller of Examinations

interio by Godrej

PUBLIC NOTICE

It has come to the notice of Godrej & Boyce Manufacturing Company Limited., part of Godrej Enterprises Group, having its registered office at PIROJSHA NAGAR, VIKHROLI, MUMBAI, Maharashtra, India - 400079., that the Company's ex-dealer is unauthorizedly claiming to be present dealers/distributors of the Company and selling its products.
This is to inform the general public that M/s. Gagan Home Solutions, operating from Gagan Complex, Old Gazibo Building, Beside Indian Bank, Vyapar Vihar Road, Bilaspur Chhattisgarh - 495001, is no longer the Company's authorized dealer/distributor but is representing itself as an authorised dealer by using the Company's signage of "Godrej Interio" and selling the Company products. Kindly note, any purchase of products from M/s Gagan Home Solutions is at the buyer's own risk, and the Company shall not be responsible for the quality, authenticity, or warranty of such products.
For genuine products and after-sales support, customers are advised to contact our authorized dealer in the area:
Authorized Dealer: M/s Kesharwani Makers and Movers Pvt. Ltd.
Address: FCI Chowk, Nr. Ananda Imperial Hotel, Vyapar Vihar, Bilaspur (CG)- 495001 **Contact:** 9111882220
Members of the public are requested to take note and exercise caution while purchasing products from unauthorized sources.
Issued in the public interest by:
Godrej & Boyce Manufacturing Company Limited., part of Godrej Enterprises Group., Interio by Godrej **Contact:** 0771-2990306
Date: 19-05-26

क्या आपके पास वह क्षमता है कि आप भारत की महारत्न कंपनी से जुड़ सकें?

भारत औद्योगिक और ऊर्जा विकास के एक नए युग की ओर बढ़ रहा है, और बीपीसीएल नवाचार, परिवर्तन और व्यवसाय विस्तार के साथ लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

हम ऐसे अनुभवी और योग्य पेशेवरों की तलाश में हैं, जो देश के भविष्य के निर्माण में बीपीसीएल के साथ जुड़ने के लिए तैयार हों।

वे-साइड सुविधाएँ | पेट्रोकेमिकल्स | वित्त | भारत पेट्रो रिसोर्सेज़ लिमिटेड | कंपनी सचिव

एनरजाइज़िंग लाइव्स, एनरजाइज़िंग नया भारत | आवेदन 31 मई 2026 से प्रारंभ | भूमिकाओं, पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया एवं अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों की अधिक जानकारी हेतु कृपया देखें: https://www.bharatpetroleum.in/careers/careers.aspx

यदि इस विज्ञापन के संबंध में कोई संशोधन / परिशिष्ट / अन्य अपडेट जारी किए जाते हैं, तो वे हमारी आधिकारिक वेबसाइट के करियर पेज पर अपडेट किए जाएंगे।

Bharatgas | MAK LUBRICANTS | Bharat Petroleum Aviation Service | Speed | GAS | https://www.bharatpetroleum.in

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय- बिलासपुर, पहली मंजिल, टीआर कॉम्प्लेक्स, एसबीआई के सामने, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, बिलासपुर-495006 (छ.ग.), 07752-310229 / 310231
ई-मेलः recovery.bilaspur@bankofbaroda.com

बिक्री सूचना (ई-नीलामी) चल संपत्तियों की ई-नीलामी

दृष्टिबंधक अनुबंध के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए चल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई हैं, इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणी एवं जमानतकर्ता को सूचित किया जाता हैं कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक चल संपत्तियों जो कि प्रतिभूत लेनदार के पक्ष में, जिनका भौतिक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चूका हैं की ई-नीलामी "जो है जैसी हैं जहां हैं एवं जो कुछ भी हैं" के आधार पर रखी गई है. ऋणकर्ता एवं संपरित का विवरण निम्नानुसार हैं: नीलामी बैंक ऑफ़ बड़ौदा की वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से दिनांक 07-07-2026 को दोपहर 02.00 बजे से अपरान्ह 6.00 बजे के बीच ऑनलाइन ई-नीलामी से होगी।

क्र.	शाखा / दूरभाष सं.	ऋणकर्ता / बंधककर्ता का विवरण	बिक्री होने वाली संपत्ति का विस्तृत विवरण	वर्ष	बकाया ऋण (रु.)	प्रारक्षित मूल्य / बयाना राशि(रु.)
01	अम्बिकापुर शाखा अम्बिकापुर 9752410731	श्री अमित कुमार पिता श्री कृष्णनाथ सड़क पारा, ग्राम - सिंगिताना, पोस्ट लहपात्रा जिला- सरगुजा, छत्तीसगढ़ - 497116	TATA NEXON FRLS + S PTM BSVI CAR (RC No. CG15ED5934)	2026	रु.12,46,935.00 + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु.7,20,000.00 रु.72,000.00

बयाना राशि जमा करने की अंतिम तारीख 07-07-2026 हैं समय दोप.12.00 बजे तक. इच्छुक बोलीदाता संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 02.07.2026 को दोपहर 01.00 बजे से लेकर अपरान्ह 04.00 बजे के बीच किया जा सकता हैं. बोली लगाने वाले व्यक्ति बोली के समय अपने प्रस्ताव को रु.10,000/- (रुपये दस हजार मात्र) के गुणज में उन्नत कर सकते हैं. बिक्री संबंधित विस्तृत जानकारी ई-नीलामी एजेन्सी की वेबसाइट https://baanknet.com से प्राप्त की जा सकती हैं.
सांविधिक 30 दिवसीय बिक्री नोटिस. ऋणकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं को एतद् द्वारा नीलामी तिथि से पूर्व उपरोक्त लिखित राशि का भुगतान करने की सूचना दी जाती है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी एवं शेष बकाया यदि कोई होगी तो उसकी वसूली विधिक पद्धति से उनसे लागत व ब्याज सहित कर ली जाएगी.
दिनांक:28.05.2026, स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ / स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर
निविदा आमंत्रण तिथि :- 25.05.2026
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग - स.क्रं. 01 से 06 पत्थलगांव एवं स.क्रं. 07 से 12 जशपुर संभाग
03. स.क्रं. 01 से 03 -'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार एवं स.क्रं. 04 से 12 - 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की **अंतिम तिथि - 16.06.2026**

सरल क्र.	एन.आई. टी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	43	जिला जशपुर के बोड़ाटोंगरी से चोंगरीबहार मार्ग लंबाई 3.20 कि.मी. का निर्माण कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	174.36
2	44	जिला जशपुर के मुख्य मार्ग गाला, गोपीपारा से झक्कड़पुर, तिलाईखार तक मार्ग लंबाई 1. 70 कि.मी. का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	179.68
3	45	जिला जशपुर के ग्राम पंचायत तिलडेगा मुख्य मार्ग से भदरापारा होते हुए कंटगतराई पहुंच मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. का निर्माण कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	191.32
4	46	लो.नि.वि. उपसंभाग क्रं. 1 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों में साधारण मरम्मत का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	100.00
5	47	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न 04 मार्गों में विशेष मरम्मत कार्य । 1. भेलवांटोली से मयूरनाचा पहुंच मार्ग लं. 0.40 कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य । 2. धौरासांड पहुंच मार्ग लं. 0.40 कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य । 3. लुड़ेग बस्ती पहुंच मार्ग लं. 0.40 कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य । 4. गोढ़ी पहुंच मार्ग 1/2 से 1/4 = 0.40 कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य । 5. गोढ़ी पहुंच मार्ग 1/6 से 1/8 = 0.40 कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	99.71
6	48	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 1 पत्थलगांव के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू. एम.एम., इमलशन, बी. टी. पेच रिपेयर का कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	25.00
7	49	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 1 जशपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का साधारण मरम्मत कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	25.00
8	50	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कुनकुरी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का साधारण मरम्मत कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	25.00
9	51	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 2 जशपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का साधारण मरम्मत कार्य (प्रथम आमंत्रण)	25.00
10	52	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 1 जशपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	40.00
11	53	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 2 जशपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	50.00
12	54	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कुनकुरी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	50.00

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

जी-262701026